# जोधपुर-फलोदी नवज्योति

दैनिक नवज्योति

पीपाड़ सिटी, बिलाड़ा आसोप, बालेसर, देणोक, बाप, चामू, हरियाढाणा, तिंवरी, भोपालगढ़, सोयला, आऊ, शेरगढ़, उदलियावास, खुड़ियाला, पीलवा, ओसियां

dainiknavajyoti.com जोधपुर, शनिवार, 29 अगस्त, 2026



## पीटीएम बैठक में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित



**नवज्योति/फलोदी।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय फलोदी में अभिभावक- शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए एक पेड़ -मां के नाम थीम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य देवेंद्र थानवी द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति एवं मातृत्व के प्रति सम्मान की भावना को भी दर्शाता है। उन्होंने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। पीटीएम के दौरान अभिभावकों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति, अनुशासन एवं सर्वांगीण विकास को लेकर चर्चा की गई। अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा पौधारोपण कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर शिक्षक संजय कुमार मीणा, मनोहरसिंह राजपुरोहित, विक्रम रामावत, पूजा सोलंकी, योगेश व्यास, आसुराम परिहार एवं सुशीला कंवर सहित विद्यालय स्टॉफ, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उनकी देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया

ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन पर्व

## सोयला: बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी रक्षा की डोर, बसों में दिखी भीड़

**नवज्योति/सोयला।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में रक्षाबंधन का पर्व बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनसे हमेशा महिलाओं का सम्मान करने और उनकी रक्षा करने का वचन लिया। वहीं रक्षाबंधन पर युवाओं द्वारा जमकर पतंगबाजी की गई। शुक्रवार सुबह से ही बहनों ने भाइयों की लंबी उम्र की कामना के साथ भाई के ललाट पर तिलक लगाकर कलाई पर राखी बांधी। भाइयों ने बहनों को उपहार देते हुए हमेशा रक्षा करने का वचन दिया। इस दौरान बहनों ने भाइयों से कन्या भ्रूण हत्या रोकने, बेटियों को सम्मान देने और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देने की अपील भी की।



**रोडवेज में निशुल्क यात्रा से उमड़ी महिलाओं की भीड़**

सोयला, खेडापा ,बावडी में रक्षाबंधन पर शुक्रवार को राष्ट्रीय रजमार्ग 62 पर बस स्टैंड पर सुबह से ही बहनें भाई के घर जाने के लिए निकलीं नजर आई। कुछ भाई भी अपनी बहनों के घर जाने के लिए निकले दिखे थे। इससे रोडवेज में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। यात्रियों की संख्या दो से तीन गुना बढ़ जाने के कारण विभाग द्वारा की गई व्यवस्था नाकाफी साबित हुई। महिला यात्री बसों के इंतजार में इधर-उधर भटकती रहीं। जो बसें आ रही थीं, वे तत्काल भर जा रही थीं। बसों में लोग भीड़ के कारण खड़े होकर भी यात्रा कर रहे थे। बसों के जल्दी भर जाने के कारण वे गंतव्य स्थान के लिए रवाना हो जाती थीं। इससे रास्ते में बसों के इंतजार में यात्रियों को बस स्टैंड पर बैठकर बसों का इंतजार करना पड़ा था।

## भैय्या मेरे राखी के बंधन है निभाना...



**नवज्योति/बाप।** भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व शुक्रवार को बाप कस्बे सहित पूरे ग्रामीण क्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों में अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने को लेकर उत्साह देखा गया। भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना...गीत के साथ बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी, तिलक किया, मिठाई खिलाई और उनकी लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को रक्षा का वचन देते हुए उपहार दिए। रक्षाबंधन का पर्व बाप क्षेत्र में भाई-बहन के प्यार और सामाजिक एकता का संदेश देकर संपन्न हुआ।

## फलोदी: शिवसर तालाब पर हुआ श्रावणी उपाकर्म, स्नान-तर्पण के बाद हवन एवं जनेऊ पूजन



**नवज्योति/फलोदी।** श्रावणी पूर्णिमा के अवसर पर शहर के प्रमुख आस्था स्थल शिवसर तालाब पर शुक्रवार को श्रावणी उपाकर्म का धार्मिक आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान शिवसर तालाब परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही, शाम के समय मेले जैसा माहौल नजर आया। कार्यक्रम आयोजक प्रकाश पुरोहित एवं टीम की ओर से आयोजन की व्यवस्थाएं की गई। वहीं आचार्य सुरेश बोहरा ने श्रावणी उपाकर्म की धार्मिक परंपराएं विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न करवाई। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे शिवसर तालाब में श्रद्धालुओं के स्नान के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों के निमित्त तर्पण किया। तर्पण के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन का आयोजन किया गया, जिसमें यजमान अनिल गज्जा रहे। हवन के बाद जनेऊ पूजन की धार्मिक विधि सम्पन्न करवाई गई।

आचार्य सुरेश बोहरा ने श्रावणी उपाकर्म के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह भारतीय धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण संस्कार है। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से आध्यात्मिक शुद्धि, आत्म संयम एवं संस्कारों का निर्वाहन किया जाता है। आयोजन का समापन शाम को महाआरती के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई। शाम को शिवसर तालाब पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिसके चलते शिवसर तालाब परिसर धार्मिक आस्था एवं उल्लास से सराबोर नजर आया।

चौधरी बने एबीआरएसएम जोधपुर जिला संगठन मंत्री

## अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ-विद्यालय शिक्षा, जोधपुर ने सौंपा महत्वपूर्ण दायित्व

**नवज्योति/खारिया मीठापुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ-विद्यालय शिक्षा, जोधपुर द्वारा संगठन के समर्पित एवं कर्मठ कार्यकर्ता आईदानराम चौधरी को जोधपुर जिला संगठन मंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने पर जिलेभर के संगठन के दायित्ववान कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं खुशी की लहर है।



चौधरी संगठन में लंबे समय से सक्रिय रहकर विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। उन्होंने बिलाड़ा खंड अध्यक्ष, जोधपुर जिला प्रवक्ता, प्रदेश मीडिया प्रभारी तथा जोधपुर शहर जिलाध्यक्ष, जिला संगठन मंत्री सहित विभिन्न पदों पर रहते हुए संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

संगठन द्वारा उन्हें पुनः जिला संगठन मंत्री का दायित्व सौंपते हुए उनके संगठनात्मक अनुभव, कार्यकुशलता एवं समर्पण पर विश्वास व्यक्त किया। उनके मनोनयन से संगठन के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ है।

जिला अध्यक्ष कुलदीप गोदारा व जिला मंत्री किसनाराम वनल ने बताया कि आईदानराम चौधरी को जोधपुर जिला संगठन मंत्री का दायित्व सौंपे जाने पर जोधपुर से प्रदेश संयुक्त मंत्री योगिता गुर्जर, जोधपुर पालक एवं प्रवासी कार्यकर्ता प्रदेश मंत्री अमरजीतसिंह राठौड़, प्रदेश सह संगठन मंत्री नरेश सोलंकी, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार व्यास, संभाग संगठन मंत्री महिला अनिला सोलंकी, संभाग संयुक्त मंत्री महिला भावना आसदेव एवं विभिन्न प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं सदस्य मुकेश आचार्य, रूपाराम रलिया, रूपाराम खोजा, श्रवणसिंह राजपुरोहित, सुभाष विश्नोई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरपतसिंह चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष सहीराम विश्नोई, उपाध्यक्ष सरिता चौधरी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश धुण, संयुक्त मंत्री वरुणा गोयल, सुरेश लामरोड़, अति. मंत्री किसनाराम मेघवाल, महिला मंत्री लक्ष्मी विश्नोई सहित समस्त जिला कार्यकारिणी, सभी 15 खंडों के अध्यक्ष, मंत्री एवं सभी दायित्ववान एवं सामान्य शिक्षक कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

रेलवे स्टेशन पर ढोल-डीजे के साथ हुआ भव्य स्वागत

## राष्ट्रीय ग्रेपलिंग कुश्ती में जोधपुर की सुजल व दिव्यांशी ने जीते स्वर्ण पदक

**नवज्योति/जोधपुर।** ऋषिकेश में आयोजित नेशनल ग्रेपलिंग कुश्ती चैंपियनशिप-2026 में जोधपुर की दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। प्लानेट मॉन्टेसरी स्कूल, महादेव नगर, खोखरिया की छात्रा सुजल सियाग पुत्री ओमप्रकाश सियाग एवं दिव्यांशी कस्वां पुत्री देवाराम कस्वां ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और जोधपुर का नाम रोशन किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर जोधपुर लौटने पर दोनों खिलाड़ियों का रेलवे स्टेशन पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों, कॉलोनीवासियों एवं गणमान्य नागरिकों की ओर से भव्य स्वागत किया गया। ढोल-डीजे की धुन पर लोगों ने उत्साह के साथ दोनों खिलाड़ियों का अभिनंदन किया।




उन्हें माला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद डीजे के साथ जुलूस निकालकर खिलाड़ियों की उपलब्धि का जश्न मनाया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार और क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने दोनों खिलाड़ियों की मेहनत, लगन और खेल प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विद्यालय प्रधानाध्यापिका चंद्रकला चौधरी ने खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल करना विद्यालय के लिए गौरव की बात है। सुजल और दिव्यांशी ने अपनी मेहनत एवं निरंतर अभ्यास के दम पर यह उपलब्धि हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के संरक्षक लालूराम सियाग ने भी खिलाड़ियों का अभिनंदन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर दोनों खिलाड़ियों के कोच शिवकरण विश्नोई का भी सम्मान किया गया।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. : 185_2026-27, 186_ 2026-27, 187_2026-27 और 204_2026-27, दिनांक: 27.08.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा -711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. : 185_2026-27, कार्य का विवरण** : एईएन/आजिमगंज के अधिकार क्षेत्र के तहत मियांग्राम, बाजारसौ, काजीपाड़ा, चौरीगाछा, कांठालिया रोड, कर्णसुबर्ण, जीबंती, खागड़ाघाट रोड, नियालिश पाड़ा, लालबाग कोर्ट रोड, डाहापाड़ा धाम, आजिमगंज जंक्शन, आजिमगंज सिटी, गोसाईंग्राम, बराला, सागरदिघी, मोरग्राम, लोहापुर और तकीपुर स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु.15,29,60,548.95, **बयाना राशि :** रु. 30,59,200/-, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. : 186_2026-27, कार्य का विवरण** : एईएन/कटवा के अधिकार क्षेत्र के तहत अग्रद्वीप, साहेबतला, दाँईहाट, कटवा, नवग्राम काँकुड़हाटी, शिबलुन, गंगाटिकुरी, झामतपुर बहरान, सालार, मालिहाटी तालिबपुर रोड, टेंया, श्रीपत श्रीखंड, श्रीखंड, बांकापासी, कैचर, नेगुन और साउता स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु.14,37,12,800.01, **बयाना राशि :** रु. 28,74,300/-, **क्रम सं. 3, ई-निविदा सं. : 187_2026-27, कार्य का विवरण** : एईएन/कटवा के अधिकार क्षेत्र के तहत अहमदपुर-कटवा खंड में चौहट्टा, गोपालपुरग्राम, लाभपुर, कीर्नाहार, दासकलग्राम, कुरमाडांगा, ज्ञानदास कान्दरा, कोमरपुर, निरोल, पाचन्दी और अम्बलग्राम स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु.9,67,33,596.35, **बयाना राशि :** रु. 19,34,700/-, **क्रम सं. 4, ई-निविदा सं. : 204_2026-27, कार्य का विवरण** : एईएन/नबद्वीप धाम के अधिकार क्षेत्र के तहत बांशबेड़िया, इस्लामपाड़ा, त्रिबेणी, कुंतीघाट, डुमुरदह, खामारगाछी, जिराट, बालागढ़, सोमराबजार, बेहुला, गुप्तिपाड़ा, अंबिका कालना, बाघनापाड़ा, धात्रिग्राम, नंदाईग्राम, समुद्रगढ़, कालीनगर, नवद्वीप धाम, बिष्णुप्रिया, भंडारटिकुरी, पूर्बस्थली, मेड़तला फलेया, लक्ष्मीपुर, बेलेरहाट और पाटुली स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु.15,54,21,323.42, **बयाना राशि :** रु. 31,08,400/-, **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 10 (दस) माह (क्रम सं. 1 से 4 प्रत्येक के लिए)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/ हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय : दिनांक 17.09.2026 को 14.00 बजे।** निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान** – ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी**: आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-309/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

DNA 410476


हाथों में ध्वजा, जुबां पर जयकारे... अंतर्राज्यीय रामदेवरा मेले की तैयारियां अंतिम चरण में

## भादवा मास आज से: रामदेवरा जातरुओं की संख्या में अब बढ़ोतरी होगी

**नवज्योति/जोधपुर/रामदेवरा।** भाद्रपद (भादवा) का पवित्र महीना आज शुरू होते ही, सामाजिक समरसता के प्रतीक लोक देवता बाबा रामदेवजी के दर्शनों के लिए रामदेवरा जाने वाले जातरुओं की संख्या में अब बढ़ोतरी होगी। राजस्थान के विभिन्न जिलों और पड़ोसी राज्यों (जैसे गुजरात, मध्य प्रदेश, हरियाणा) से लाखों की संख्या में पैदल यात्री, बाइकों, कारों और अन्य साधनों से बाबा के दरबार की ओर बढ़ेंगे। इस वर्ष 642वां लक्खी भादवा मेला विधिवत रूप से 13 सितंबर 2026 (भादवा सुदी बीज) से शुरू होने जा रहा है। मुख्य मेला शुरू होने से पहले ही भक्तों का सैलाब सड़कों पर उमड़ रहा है। जोधपुर के मसूरिया पहाड़ी स्थित बाबा के गुरू बालिनाथजी की समाधि के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार भारी बढ़ोतरी हो रही है।



**रामदेवरा में सुरक्षा व बैरिकेडिंग की तैयारी पूर्ण**

श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही और भीड़ प्रबंधन के लिए राम सरोवर तालाब और मंदिर क्षेत्र के आसपास मजबूत बैरिकेड्स लगाए गए हैं। जिला प्रशासन ने साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी, चिकित्सा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर दिए हैं। जिला प्रशासन और राजस्थान पर्यटन विभाग सुरक्षा व्यवस्थाओं को पुख्ता करने में जुटे हैं। रामसरोवर तालाब पर बैरिकेडिंग और गोताखोरों की तैनाती की जा रही है, साथ ही स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट मोड पर रखा गया।

**राम रसोड़े और भंडारे**

जातरुओं की सेवा के लिए जोधपुर, पाली, जैसलमेर राजमार्ग सहित विभिन्न मार्गों पर जगह-जगह श्रद्धालुओं और ग्रामीण समितियों द्वारा निःशुल्क 'राम रसोड़े' और विशाल भंडारे शुरू कर दिए गए हैं। यहां यात्रियों के लिए रहने, खाने-पीने और प्राथमिक चिकित्सा की उचित व्यवस्था की गई है।

**परिवहन व्यवस्था**

जातरुओं की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए जोधपुर रोडवेज द्वारा स्पेशल बसें संचालित की जा रही हैं, वहीं उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से भी स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया है। ताकि यात्रियों को आवागमन में कोई असुविधा न हो।

**सुरक्षा एवं प्रशासन अलर्ट**

जिला कलक्टर अनुपमा जोरवाल के निर्देशन में अधिकारियों ने यातायात नियंत्रण, सड़क सुरक्षा और पॉलीथीन पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के बेहद कड़े इंतजाम किए हैं और चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए पैनी नजर रखी जा रही है।

## लूणी : ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में रोमांच चरम पर, आज होंगे खिताबी मुकाबले

**नवज्योति/लूणी।** 70वीं ब्लॉक स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2026-27 के दूसरे दिन अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के बीच कुल 10 मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए मैदान पर जमकर पसीना बहाया। रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए खेल प्रेमियों की भी अच्छी-खासी भीड़ मौजूद रही।

प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य प्रधानराम ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन बेहतर खेल वातावरण में किया जा रहा है। ACBEO लक्ष्मण सिंह, PEEO लखनलाल, खेल प्रभारी हनुमान राम एवं थानाराम की देखरेख में प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न टीमों के बीच कड़े मुकाबले हुए। खिलाड़ियों ने जीत के लिए अंतिम क्षण तक संघर्ष किया और अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का उत्साह बढ़ाया।

**आज होंगे निर्णायक रोमांचक मुकाबले**

प्रतियोगिता के अंतिम दिन शनिवार को क्रिकेट प्रेमियों को कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। अंडर-17 वर्ग में खिताबी मुकाबला सेंट पॉल झालामण्ड एवं मयूर इंटरनेशनल स्कूल के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमें फाइनल में स्थान बनाने के बाद अब खिताब पर कब्जा जमाने के लिए मैदान में उतरेंगी। वहीं अंडर-19 वर्ग में पहला सेमीफाइनल गुड़ा विश्नोइयान एवं लक्की इंटरनेशनल के बीच होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में मयूर इंटरनेशनल एवं डीपीएस पाली रोड की टीमें आमने-सामने होंगी। इन मुकाबलों के परिणाम से अंडर-19 वर्ग की फाइनलिस्ट टीमें तय होंगी। प्रतियोगिता संयोजक प्रधानराम ने बताया कि मुकाबलों के पश्चात आयोजित समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

गांवों में आज भी मारवाड़ की परंपरा जीवंत, मेले सा माहौल

## खुडाला में रक्षाबंधन पर समन्द हिलोरना परम्परा का निर्वहन

**नवज्योति/धुंधाड़ा।** मारवाड़ की समृद्ध लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर खुडाला गांव में समन्द हिलोरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांव के तालाब पर आयोजित इस पारंपरिक कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपनों के बीच अपनों के साथ मिलकर पर्व की खुशियां साझा कीं। समन्द हिलोरना मारवाड़ की प्राचीन एवं अनूठी लोक परंपराओं में से एक है। रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से तालाब पहुंचकर परंपरा का निर्वहन किया। इस दौरान गांव का माहौल उत्सवमय नजर आया। बुजुर्गों से लेकर युवाओं



और महिलाओं तक ने कार्यक्रम में भागीदारी निभाते हुए अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ाव का परिचय दिया। कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों ने कहा कि आधुनिक दौर में भी मारवाड़ की पुरानी परंपराओं को जीवित रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसी परंपराएं केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से सामाजिक एकजुटता, आपसी भाईचारा और गांव की सामूहिक संस्कृति को भी मजबूती मिलती है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने एक-दूसरे को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं। तालाब परिसर में ग्रामीणों की मौजूदगी और सामूहिक सहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। समन्द हिलोरना कार्यक्रम के माध्यम से नई पीढ़ी को भी मारवाड़ की लोक संस्कृति और परंपराओं से परिचित होने का अवसर मिला। ग्रामीणों ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों तक ऐसी लोक परंपराओं को पहुंचाना जरूरी है, ताकि मारवाड़ की सांस्कृतिक पहचान और वर्षों पुरानी परंपराओं का स्वरूप इसी तरह कायम रहे। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर खुडाला में आयोजित समन्द हिलोरना कार्यक्रम ने गांव में आपसी प्रेम, भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया।


**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**
**Bank of Maharashtra**
ONE FAMILY ONE BANK

बैंक ऑफ महाराष्ट्र, अंचल कार्यालय, जयपुर, 6वां तल,फॉर्चून हाईट्स, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर- 302001
फोन:-0141-2379903, 905; ई-मेल आईडी: legal_jai@bankofmaharashtra.bank.in; recovery_jai@bankofmaharashtra.bank.in
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे-5

**अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (परिशिष्ट - IV –A)**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्ति का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।** आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास गिरवी /प्रभारित है, का कब्जा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसी है और जो कुछ भी है"** के आधार पर ऋणी और जमानतदारों से बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शेष राशि की वसूली के लिए **दिनांक 15.09.2026 को प्रातः 11.00 बजे एवं दोपहर 3.00 बजे के मध्य** बेचा जाएगा। ऋणी और जमानतदारों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और उस पर ज्ञात भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा इस प्रकार है:–

| क्र. सं. | ऋणी/जमानतदार का नाम | बकाया राशि | सम्पत्तियों का पता | कब्जा प्रकार / शाखा नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा (ईएमडी) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. मंजू पत्नी श्री रतनाराम (ऋणी) प्रजापतों का बास अटिया कलां, कुड़ी पीपाड़ रोड, जोधपुर-342606 | दिनांक 17.12.2025 तक रु.37,57,120/- + अनुबंध की दर पर भविष्य का ब्याज/ उपार्जित ब्याज/अप्राप्त ब्याज साथ में आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि, वसूली घटा कर, यदि कोई हो। | साम्यिक बंधकः आवासीय संपत्ति के सभी अंश व हिस्से जो श्रीमती मंजू पत्नी रतनाराम के नाम पर प्लॉट नं. 326 खसरा नं 126 बालाजी नगर योजना ग्राम सांगरिया जोधपुर (राज) में स्थित जिसका क्षेत्रफल 1590 वर्गफुट है। संपत्ति की सीमाएं:- उत्तर: प्लॉट नं 327, दक्षिण: प्लॉट नं 325, पूर्व: अन्य भूमि, पश्चिम: 40 फीट चौड़ी सड़क | सांकेतिक कब्जा / जोधपुर | आरक्षित मूल्य- रु.21,87,000/- (रुपये इक्कीस लाख सत्यासी हजार मात्र) और ईएमडी रु. 2,18,700/- (रुपये दो लाख अठारह हजार सात सौ मात्र) |

बोली वृद्धि की राशि रूपये 20,000/- होगी और इसमें 10 मिनट का असीमित विस्तार (अनलिमिटेड एक्सटेंशन) शामिल होगा।

**संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समयः- 10.09.2026 को सुबह 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे के मध्य।**

**बोली जमा करने/ईएमडी और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि और समय: 14.09.2026 सायं 05.00 बजे तक।**

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट पर दिए गए लिंक https://bankofmaharashtra.bank.in/asset-for-sales-search और baanknet पोर्टल (https://baanknet.com) का संदर्भ लें।

दिनांक 26.08.2026 स्थानः– जोधपुर

गौरव कुमार प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ महाराष्ट्र, संपर्क नंबर:9763923662

DNJ-410455

# स्मार्टफोन असेंबल करने वाला देश नहीं रह गया भारत, अब हम बना रहे हैं 5 से 6 महत्वपूर्ण पुर्जे : केन्द्रीय मंत्री वैष्णव

**नई दिल्ली।** कुछ साल पहले तक भारत की छवि स्मार्टफोन्स के मामले में एक ऐसे देश की थी, जहां फोन बनते नहीं सिर्फ असेंबल होते हैं। लेकिन अब ऐसा 100 फीसदी नहीं है। भारत में कई ऐसे कंपोनेंट्स (पुर्जे) बनाए जा रहे हैं, जिनका फोन में बहुत बड़ा रोल है। भारत इन पुर्जों को सिर्फ बना ही नहीं रहा बल्कि दूसरे देशों तक भी पहुंचा रहा है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक वीडियो में ऐसे कुछ पुर्जों की जानकारी दी है जो स्मार्टफोन्स के अंदर लगते हैं और भारत में ही बनाए जा रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर वीडियो शेयर किया है।

**क्या बताया केंद्रीय मंत्री ने?:** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण की भारत की यात्रा तैयार सामान को असेंबल करने से शुरू हुई थी। इसके बाद हम मॉड्यूल्स का निर्माण करने लगे। मॉड्यूल्स के बाद अब हम कंपोनेंट्स (पुर्जों) के निर्माण तक पहुंच गए हैं। वीडियो में उन्होंने PCB समेत कुछ ऐसे कंपोनेंट्स दिखाए जिनका फोन में उपयोग होता है। वीडियो में केंद्रीय मंत्री एक PCB (प्रिंटेड सर्किट बोर्ड) को दिखाते हैं। वह कहते हैं कि आपको लगेगा कि इसकी चौड़ाई एक चपाती जितनी है लेकिन असल में इसमें सर्किट की 32 परतें हैं। यानी जैसे 32 मंजिला इमारत को चपटा कर दिया गया हो, वैसा ही इस PCB का स्ट्रक्चर है। इसमें कई जटिल सर्किट्स हैं जो अलग-अलग लेवल और अलग-अलग प्रकार के सर्किट्स बनाते हैं। ये अब भारत में मैन्युफैक्चर हो रहे हैं और हमने इन्हें बाहर भेजना भी शुरू कर दिया है।



**और क्या-क्या दिखाया केंद्रीय मंत्री ने?**

- **स्पीकर मॉड्यूल:** यह विद्युत तरंगों को ध्वनि तरंगों में बदलने का काम करता है। स्मार्टफोन, लैपटॉप और दूसरे ऑडियो गैजेट्स में साफ आवाज, गाने सुनने और कॉलिंग के लिए इसका उपयोग किया जाता है।
- **ट्रांसड्यूसर:** यह ऊर्जा के एक रूप को दूसरे रूप में बदलता है। जैसे- दबाव, तापमान या ध्वनि को इलेक्ट्रिक सिग्नल में बदलना। मोबाइल के माइक्रोफोन, सेंसर्स और मेडिकल उपकरणों में सिग्नल डिटेक्ट करने के लिए इसका उपयोग होता है।
- **एनक्लोजर:** यह डिवाइस का बाहरी ढांचा होता है। यह फोन के अंदर मौजूद इलेक्ट्रॉनिक सर्किट्स और पार्ट्स को धूल, पानी और झटकों से बचाता है।
- **कैपेसिटर:** यह सर्किट में वोल्टेज के उतार-चढ़ाव को कंट्रोल करता है।
- **फिल्टर:** यह किसी मोबाइल नेटवर्क या वाई-फाई के सिग्नलों को साफ-साफ हासिल करने में मददगार होता है।
- **हीट सिंक:** यह मोबाइल, कंप्यूटर और पावर सप्लाई को ज्यादा गर्म होने से बचाता है, जिससे डिवाइस खराबी नहीं आती।

**10-14 महीनों में भारतीय स्मार्टफोन ब्रैंड की उम्मीद जगी:** केंद्रीय मंत्री के वीडियो से 10-14 महीनों में भारतीय स्मार्टफोन ब्रैंड की उम्मीद और जग गई है। याद रहे कि भारत सरकार को उम्मीद है कि अगले 10 से 14 महीनों में देश में भारतीय स्मार्टफोन ब्रैंड की शुरुआत हो सकती है। यानी एक ऐसा ब्रैंड जो पूरी तरह से मेड इन इंडिया होगा। मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भारत की यही रफ्तार जारी रही तो देश को जल्द ऐसे ब्रैंड्स देखने को मिल सकते हैं जो स्वदेशी तकनीक वाले स्मार्टफोन्स बाजार में उतारेंगे।

## जापानी फाइटर जेट पहली बार आ रहे भारत, पाक सीमा पर गरजेंगे F-2A, अमेरिका देगा 'पेट्रोल पंप'

**टोक्यो।** चीनी ड्रैगन की चुनौती से निपट रहे भारत और जापान के बीच सैन्य संबंध अब नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। इसी तहत अब पहली बार जापान के फाइटर जेट भारत की धरती पर कदम रखने जा रहे हैं। जापानी एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स के F-2A फाइटर जेट सितंबर महीने में भारत आ रहे हैं। ये जापानी विमान भारतीय वायुसेना के साथ वीर गार्डियन 26 सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेंगे। यह भारत और जापान के बीच एक द्विपक्षीय हवाई अभ्यास है। जापानी मीडिया के मुताबिक जापान के तीन F-2A फाइटर जेट ओकिनावा के रास्ते थाइलैंड होते हुए भारत के लिए रवाना होंगे। इस दौरान अमेरिकी वायुसेना के तेल टैंकर हवा में ही इन विमानों में तेल भरेंगे। इससे ये विमान आसानी से इतनी लंबी दूरी तय कर पाएंगे। वीर गार्डियन अभ्यास 9 से 21 सितंबर के बीच में राजस्थान के जोधपुर में होगा। इस अभ्यास के लिए 1 सितंबर को ही फूकूओका प्रांत के एयरबेस से जापानी विमान रवाना हो जाएंगे। इनके साथ जापानी वायुसेना के 110 जवान भी भारत पहुंच रहे हैं। इस दौरान हवा में जंग लड़ने का अभ्यास दोनों देशों की वायुसेनाएं करेंगी। इससे पहले साल 2023 में वीर गार्डियन अभ्यास शुरू हुआ था। भारत ने अपने 4 सुखोई-30, 2 सी-17 ग्लोब मास्टर ट्रांसपोर्ट प्लेन और एक आईएल-78 तेल टैंकर ने हिस्सा लिया था।



**जापान से राजस्थाचन की दूरी 5600 किमी:** साल 2023 में वीर गार्डियन अभ्यास मेंजापान ने चार F-2 और चार F-15 फाइटर जेट को तैनात किया था। अब जापान अपने 3 फाइटर जेट को भारत भेज रहा है। जापानी विमानों की इस बेहद लंबी यात्रा के दौरान अमेरिकी वायुसेना हवा में तेल भरने का काम करेगी। जापान ने यह नहीं बताया है कि थाइलैंड के किस बेस पर ये विमान उतरेंगे। जोधपुर से जापान के एयरबेस की दूरी सीधी रेखा में अगर देखें तो 5600 किमी है। ऐसे में जापान के लिए भारत में फाइटर जेट भेजना बड़ी चुनौती बनने जा रहा है। जापानी वायुसेना के चीफ ऑफ स्टॉफ जनरल मोरिता ताकेहीरो ने इतने दूर तैनाती के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान न केवल उड़ान अहम होती है, बल्कि विमानों की मरम्मत करनी होती है और पूरा एक सिस्टम बनाना होती है। इसके अलावा मौसम का भी जापानी वायुसेना को पूरा ध्यान रखना होगा। इससे पहले साल 2025 में पहली बार जापान ने यूरोप में अपने फाइटर जेट को तैनात किया था। जापान के 4 एफ-15 फाइटर जेट अमेरिका और कनाडा के रास्ते ब्रिटेन और जर्मनी पहुंचे थे।


**जापान और भारत का साझा दुश्मन है चीन:** चीन के हमले के खतरे का सामना कर रहाजापान इन लड़ाकू विमानों को भेजकर अपने दोस्त देशों के साथ रिश्ते मजबूत कर रहा है। उधर भारत भी चीन की दादागिरी से परेशान है। चीन की सेना पूर्वी चीन सागर से लेकर हिमालय तक में अपने आपको मजबूत कर रही है। चीन ने पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट जे-20 को भारतीय सीमा पर भी तैनात कर दिया है। यह पूछे जाने पर कि क्या यह अभ्यास चीन को ध्यान में रखकर किया जा रहा है, जापानी वायुसेना के अधिकारी ने कहा कि यह किसी खास देश को ध्यान में रखकर नहीं किया जा रहा है।

## रात्को म्लादिच की 84 साल की उम्र में जेल में मौत

**एजेंसी/द हेग।** बाल्कन युद्धों के दौरान स्रेब्रेनिका नरसंहार और साराजेवो की घेराबंदी की साजिश रचने के दोषी बोस्नियाई सर्ब जनरल रात्को म्लादिच की 84 साल की उम्र में जेल में मौत हो गई। बोस्निया का कसाई कहे जाने वाले म्लादिच को 1990 के दशक की शुरुआत में युद्ध के दौरान बोस्निया की गैर-सर्ब आबादी के खिलाफ जातीय सफाए के क्रूर अभियान का नेतृत्व करने में अपनी भूमिका के लिए 2017 में पूर्व यूगोस्लाविया के लिए अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण (आईसीटीवाई) ने दोषी ठहराया था। संयुक्त राष्ट्र समर्थित न्यायाधिकरण ने उन्हें नरसंहार, मानवता के खिलाफ अपराध, उत्पीड़न, खात्मा, हत्या, आतंक, नागरिकों पर गैर-कानूनी हमले और बंधक बनाने का दोषी पाया। उनके खिलाफ आरोप तय किए जाने के समय आईसीटीवाई के न्यायाधीश फुआद रियाद ने इन अपराधों को अकल्पनीय बर्बरता करार दिया था।

## सैलरी के मामले में पाकिस्तानी सांसदों ने भारत के सांसदों को पछाड़ा, नेपाली MP भी पिछड़े

**इस्लामाबाद।** दक्षिण एशियाई देशों में पाकिस्तानी सांसद सबसे ज्यादा सैलरी उठाते हैं। सांसदों की सैलरी की तुलनात्मक समीक्षा रिपोर्ट के मुताबिक इस क्षेत्र में पाकिस्तानी सांसदों को सबसे ज्यादा मासिक सैलरी मिलती है, जबकि पाकिस्तान की प्रति व्यक्ति आय इस क्षेत्र के कई देशों की तुलना में कम है। इस क्षेत्र में सांसदों की सैलरी और सुविधाओं बनाम प्रति व्यक्ति आय शीर्षक से जारी आंकड़ों के मुताबिक जुलाई 2026 तक एक पाकिस्तानी सांसद की मासिक सैलरी 3,530 डॉलर थी जो इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा है। ये बहुत हैरानी की बात है कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान में इस नये आंकड़े ने नया सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। वरिष्ठ पाकिस्तानी पत्रकार हामिद मीर ने अपने शो में इसे दिखाया है। उन्होंने पाकिस्तानी सांसदों को मिलने वाली सैलरी की तुलना नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश और भारतीय सांसदों को मिलने वाली सैलरी से की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सांसद भारतीय सांसदों से भी करीब सवा गुना ज्यादा भत्ता लेते हैं जबकि पाकिस्तान की प्रति व्यक्ति आय नेपाल की प्रति व्यक्ति आय के बराबर है।



**पाकिस्तानी सांसद लेते हैं सबसे ज्यादा सैलरी:** रिपोर्ट्स के मुताबिक जहां पाकिस्तान में आम नागरिककी सालाना प्रति व्यक्ति आय करीब 1,500 डॉलर से 1,600 डॉलर यानि करीब 1.25 से 1.35 लाख रुपए के आसपास है। वहीं यहां के एक सांसद का कुल मासिक पैकेज 3,530 डॉलर यानि करीब 3 लाख रुपए महीने से ज्यादा बैठता है। तुलनात्मक रूप से भारत में सांसदों का पैकेज करीब 2,813, डॉलर, बांग्लादेश में 1,400 डॉलर और नेपाल में महज 600 डॉलर के करीब है। आर्थिक संकट के बीच नेताओं की इस 'शाही जेब-खर्च' को लेकर पाकिस्तान की जनता और सोशल मीडिया पर तीखी आलोचना हो रही है। यह आंकड़ा पाकिस्तानी सांसदों की सैलरी और आम नागरिकों की प्रति व्यक्ति आय के बीच एक बड़ा अंतर दिखाता है जिससे वित्तीय प्राथमिकताओं और जन-प्रतिनिधियों को मिलने वाले फायदों पर बहस छिड़ गई है।

## प्रोकेम ने नए अवतार में लॉन्च किया 'HDOR-100 डेज़ ऑफ रनिंग'

### 100 दिनों की शारीरिक गतिविधि को जीवनभर की आदत में बदलने की पहल

**मुंबई।** डिस्टेंस रनिंग को बढ़ावा देने वाली प्रोकेम इंटरनेशनल ने 'HDOR-100 डेज़ ऑफ रनिंग' को नए स्वरूप में लॉन्च करने की घोषणा की है। पिछले 11 वर्षों से फिटनेस संस्कृति को बढ़ावा दे रहा यह अभियान अब मजबूत डिजिटल प्लेटफॉर्म और व्यापक पहुंच के साथ लोगों को नियमित शारीरिक गतिविधि के लिए प्रेरित करेगा।




**राष्ट्रीय खेल दिवस से शुरू होगा पंजीकरण:** 'फिट इंडिया' के विजन से प्रेरित इस अभियान केलिए पंजीकरण 29 अगस्त 2026, राष्ट्रीय खेल दिवस से शुरू होंगे। 100 दिनों की यात्रा 10 अक्टूबर 2026 से 17 जनवरी 2027 तक चलेगी। प्रतिभागी दौड़ने, पैदल चलने, साइकिल चलाने या डयूथलन जैसी गतिविधियों में अपने अनुसार हिस्सा ले सकेंगे। प्रोकेम इंटरनेशनल के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर विवेक सिंह ने कहा कि HDOR केवल 100 दिनों तक दौड़ने की चुनौती नहीं, बल्कि शारीरिक गतिविधि को जीवनभर की आदत बनाने का प्रयास है। उनका कहना है कि फिटनेस के लिए पहले से फिट होना जरूरी नहीं, बल्कि फिट बनने के लिए शुरुआत करना जरूरी है।

**85 दिन सक्रिय रहना होगा:** HDOR ऐप के जरिए प्रतिभागी अपनी गतिविधियोंको दर्ज या फिटनेस डिवाइस से सिंक कर सकेंगे। फिनिशर बनने के लिए 100 में से कम से कम 85 दिन सक्रिय रहना होगा। प्रतिभागियों को 15 रेस्ट डे भी मिलेंगे। न्यूनतम गतिविधि के तहत 2.5 किलोमीटर दौड़ना/चलना या 8 किलोमीटर साइकिल चलाना होगा। चुनौतियों, लीडरबोर्ड और उपलब्धियों के साथ कुल 10 लाख रुपये मूल्य के पुरस्कार भी रखे गए हैं।

**अक्षय पात्र बने कम्युनिटी इम्पैक्ट पार्टनर:** 'द अक्षय पात्र फाउंडेशन' इस अभियान काएक्सक्लूसिव कम्युनिटी इम्पैक्ट पार्टनर है। प्रतिभागियों को अपनी फिटनेस यात्रा के जरिए स्कूली बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में योगदान का अवसर मिलेगा।

## शेरोन लोवेन सहित चार प्रख्यात ओडिया कलाकारों को मिलेगा गुरु केलुचरण महापात्र पुरस्कार

**एजेंसी/भुवनेश्वर।** देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले चार प्रख्यात कलाकारों को उनके जीवन भर की उपलब्धियों और उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित गुरु केलुचरण महापात्र पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार विजेताओं में ओडिसी नृत्य में वरिष्ठ कलाकार शेरोन लोवेन, ओडिसी संगीत में केशब चंद्र राउत, रंगमंच में धीरेंद्रनाथ मल्लिक और सिनेमा में प्रशंसित अभिनेत्री महाश्वेता राय शामिल हैं। आगामी 5 से 9 सितंबर तक आयोजित होने वाले 32वें गुरु केलुचरण महापात्र पुरस्कार महोत्सव में प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक लाख रुपये का नक्द पुरस्कार और एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। 40 से 55 वर्ष की आयु वर्ग के सिद्धहस्त कलाकारों को सम्मानित करने के लिए शुरू किए गए गुरु केलुचरण महापात्र कला सम्मान के दूसरे वर्ष में अग्निमित्रा बेहेरा (वाद्य संगीत-वायलिन) और नाजिया आलम (गायन संगीत) को 50,000 रुपए की नकद राशि और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। वहीं गुरु केलुचरण महापात्र युवा प्रतिभा सम्मान 25,000 रुपये के नकद पुरस्कार के साथ चार उभरते युवा कलाकारों - वृंदा चड्ढा और ऐश्वर्या सिंहदेव (ओडिसी नृत्य), निकिता बनावलीकर (कथक) और सौम्य रंजन नायक (ओडिसी संगीत-मर्दल) को प्रदान किया जाएगा। इस महोत्सव का आयोजन श्री श्री विश्वविद्यालय के सहयोग से 'सृजन' (गुरु केलुचरण महापात्र ओडिसी नृत्यवास) द्वारा किया जा रहा है।

## रवांडा नरसंहार के दोषी यूजीन एन को आजीवन कारावास की सजा

**द हेग।** नीदरलैंड की एक निचली अदालत ने शुक्रवार को 1994 के रवांडा नरसंहार और युद्ध अपराधों के मामले में 67 वर्षीय यूजीन एन. को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने यूजीन को एक स्टेडियम में शरण लेने वाले तुत्सी समुदाय के लगभग 3,000 लोगों की सामूहिक हत्या में शामिल होने का दोषी पाया। डच अदालत के फैसले में कहा गया है कि अप्रैल 1994 में रवांडा के ब्यिज़ा स्थित स्टेडियम में हुतू समर्थकों की भीड़ को निर्देश दिए गए थे कि कोई भी तुत्सी नागरिक जीवित बचकर न निकल सके।

# चेन्नई की महिला ने राम मंदिर को दिया 4 करोड़ रुपए का दान

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या राम मंदिर में दान मामले को लेकर एक अलग ही माहौल बनता दिख रहा है। पिछले दिनों चेन्नई की एक महिला ने राम मंदिर ट्रस्ट को चार करोड़ रुपए दान दिए जाने का मुद्दा खूब गरमाया था। अब चेन्नई की श्रद्धालु एस. नागलक्ष्मी के दान पर पेंच फंस गया है। महिला ने राम मंदिर ट्रस्ट को चार करोड़ रुपए का चेक तो सौंप दिया, लेकिन इसके साथ शर्त रख दी है कि ट्रस्ट पहले लिखित आश्वासन दे कि यह पूरी रकम उनकी मंशा के अनुरूप सिर्फ मंदिर के कर्मियों एवं सेवादारों की सुविधा पर ही खर्च करेगी। ट्रस्ट की ओर अब तक लिखित आश्वासन न दिए जाने की बात सामने आई है।



**रामलला का किया दर्शन:** चेन्नई की महिला श्रद्धालु एस. नागलक्ष्मी ने पिछलेदिनों अयोध्या पहुंच रामलला का दर्शन किया था। दर्शन के बाद उन्होंने राम मंदिर के लिए 10 हजार रुपए का दान दिया। इसके अलावा मंदिर के कर्मियों एवं सेवादारों की सुविधा के लिए चार करोड़ रुपए दान करने की इच्छा जताई। इससे संबंधित चेक राम मंदिर ट्रस्ट को सौंपा। चेक सौंपते समय महिला ने ट्रस्ट के सामने अपनी मंशा साफ कर दी थी।

**लिखित आश्वासन से इनकार:** एस. नागलक्ष्मी ने स्पष्ट तौर पर कहा कि चार करोड़रुपए की धनराशि मंदिर के कर्मियों और सेवादारों की सुविधा पर ही खर्च करने को लेकर वह ट्रस्ट को दान कर रही हैं। इसके लिए उन्होंने ट्रस्ट से लिखित आश्वासन की मांग की थी। हालांकि, ट्रस्ट ने ऐसा लिखित आश्वासन देने से इनकार कर दिया गया। महिला ने उस समय ट्रस्ट को चेक सौंपा और चेन्नई वापस लौट गईं। मामले में अहम मोड़ तब आया जब चेक को बैंक में डाला गया। महिला के खाते में महज तीन रुपये होने की बात सामने आई। इसके बाद ट्रस्ट ने महिला से संपर्क का प्रयास शुरू किया।

**महिला ने दोहराई शर्त:** महिला एस. नागलक्ष्मी से जब राम मंदिर ट्रस्ट केअधिकारियों ने संपर्क किया तो उन्होंने एक बार अपनी शर्त दोहराई। उन्होंने कहा कि मंदिर के कर्मियों एवं सेवादारों की सुविधा के लिए वे पैसा दान करेंगी। ट्रस्ट लिखित आश्वासन दे कि पैसा इसी मद में खर्च किया जाएगा। अब ट्रस्ट की ओर से मामले में प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। वहीं, महिला का इस प्रकार से लिखित आश्वासन की मांग का मामला खूब चर्चा में है।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
ONE FAMILY ONE BANK

बैंक ऑफ महाराष्ट्र, अंचल कार्यालय, जयपुर, 6वां तल,फॉर्चून हाईट्स, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर- 302001
फोन:-0141-2379903, 905; ई-मेल आईडी: legal_jai@bankofmaharashtra.bank.in; recovery_jai@bankofmaharashtra.bank.in
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे-5

**अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (परिशिष्ट - IV –A)**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्ति का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।** आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसी है और जो कुछ भी है"** के आधार पर ऋणी और जमानतदारों से बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शेष राशि की वसूली के लिए **दिनांक 15.09.2026 को प्रातः 11.00 बजे एवं दोपहर 3.00 बजे के मध्य** बेचा जाएगा। ऋणी और जमानतदारों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और उस पर ज्ञात भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा इस प्रकार है:–

| क्र. सं. | ऋणी/जमानतदार का नाम | बकाया राशि | सम्पत्तियों का पता | कब्जा प्रकार / शाखा नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा (ईएमडी) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. श्रीमती इंद्रा कुमावत पत्नी श्री महेन्द्र कुमावत, निवासी- वार्ड नं. 2, मेन चौराहे के पास, सांवर, राजसमंद - 313324 (ऋणी)<br>2. श्री महेन्द्र कुमावत पुत्र श्री रमेश चन्द्र कुमावत, वैष्णो श्याम शिवांश नगर रोड, हाथी नाड़ा-राजसमंद - 313324 (सह-ऋणी) | 03.04.2025 तक बकाया रूपये 14,57,971.41/- + आगे की लागते, ब्याज, शुल्क और खर्चे, यदि कोई वसूली हुई हो तो उसे घटाकर। | साम्यिक बंधकः श्रीमती इंद्रा कुमावत पत्नी श्री महेन्द्र कुमावत एवं श्री महेन्द्र कुमावत पुत्र श्री रमेश चन्द्र कुमावत के नाम से आवासीय संपत्ति, फ्लैट नं. ईए- 802, सिल्वर रेजीडेंसी अपार्टमेंट, ग्राम बड़गांव, उदयपुर - 313001 में स्थित है। क्षेत्रफल 320 वर्गफीट। संपत्ति की सीमाएं: उत्तर: सेटबैक, दक्षिण: एंट्रेंस कॉरिडोर, पूर्व: फ्लैट नं. 801, पश्चिम: फ्लैट नं. 803 | सांकेतिक कब्जा<br>राजसमंद | आरक्षित मूल्य- रु. 10,23,500/- (रुपये दस लाख तेईस हजार पाँच सौ मात्र) एवं<br>ईएमडी रु. 1,02,350/- (रुपये एक लाख दो हजार तीन सौ पचास मात्र) |
| 2 | 1. श्री पोकर पुत्र देवा, पालवास खुर्द, मावली, उदयपुर, राजस्थान-313201 (ऋणी)<br>2. श्री पप्पू लाल गायरी पुत्र पोकर जी (सह-ऋणी) पालवास खुर्द, मावली, उदयपुर, राजस्थान-313201 | 04.04.2025 तक बकाया रूपये 19,74,773/- + आगे की लागते, ब्याज, शुल्क और खर्चे, यदि कोई वसूली हुई हो तो उसे घटाकर। | साम्यिक बंधकः श्री पोकर पुत्र देवा के नाम से आवासीय सम्पत्ति के सभी अंश और हिस्से जो खसरा नंबर 250, गांव पालवास खुर्द, ग्राम पंचायत वीर धोलिया, तहसील मावली - जिला उदयपुर (राज.) में स्थित जिसका क्षेत्रफल 2640.00 वर्गफीट है। संपत्ति की सीमाएं: उत्तर: जेतराम का मकान, दक्षिण: मालिक की ज़मीन, पूर्व: सड़क, पश्चिम: गणेश का मकान। | सांकेतिक कब्जा<br>राजसमंद | आरक्षित मूल्य- रु. 8,10,000/- (रूपये आठ लाख दस हजार मात्र)<br>ईएमडी- रू. 81,000/- (रूपये इक्यासी हजार मात्र) |
| 3 | 1. श्री अमृत लाल मीणा पुत्र नाथू लाल मीणा (ऋणी) रनिया, पोस्ट पाल सराड़ा, पाल सराड़ा उदयपुर (राज.)- 313902<br>अन्य पता: खसरा नंबर 909/371 राजस्व गांव पावड़ा, पंचायत छापी तहसील बिछीवाड़ा, जिला डूंगरपुर (राज.)। | 25.02.2025 तक बकाया रूपये 20,53,231/- + आगे की लागते, ब्याज, शुल्क और खर्चे, यदि कोई वसूली हुई हो तो उसे घटाकर। | साम्यिक बंधकः श्री अमृत लाल मीणा पुत्र नाथू मीणा के नाम से आवासीय सम्पत्ति के सभी अंश और हिस्से जो खसरा नं 909/371 राजस्व ग्राम पावड़ा पंचायत छापी तहसील बिछीवाड़ा जिला डूंगरपुर (राज.) में स्थित जिसका क्षेत्रफल 4359.38 वर्गफीट है। संपत्ति की सीमाएं: उत्तर: सड़क, दक्षिण: खसरा नं. 376, पूर्व: खसरा नं. 367, पश्चिम: खसरा नं. 372 | सांकेतिक कब्जा<br>उदयपुर | आरक्षित मूल्य- रु. 11,67,300/- (रुपये ग्यारह लाख सड़सठ हजार तीन सौ मात्र) एवं<br>ईएमडी रु. 1,16,730/- (रुपये एक लाख सोलह हजार सात सौ तीस मात्र) |
| 4 | 1. श्रीमती किरण आचार्य पत्नी श्री सूर्य प्रकाश आचार्य (ऋणी) मोचियों की गली के पास 10, बड़ी होली, शास्त्री सर्कल, जिला उदयपुर, राजस्थान- 313001<br>अन्य पता: प्लॉट नंबर 08, आराजी 5302 एवं 5303, राजस्व ग्राम उमरेड़ा, तहसील गिरवा, जिला उदयपुर, राजस्थान- 313001 | 24.05.2024 तक बकाया रूपये 20,27,730.57/- + आगे की लागते, ब्याज, शुल्क और खर्चे, यदि कोई वसूली हुई हो तो उसे घटाकर। | साम्यिक बंधकः आवासीय संपत्ति जो प्लॉट नंबर 08, आराजी नंबर 5302 और 5303, राजस्व ग्राम उमरेडा, तहसील गिरवा, जिला उदयपुर, राजस्थान - 313001 में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1060.00 वर्गफुट है और जो श्रीमती किरण आचार्य पत्नी श्री सूर्य प्रकाश आचार्य के नाम पर है।<br>संपत्ति की सीमाएँ: उत्तर: अन्य भूमि, दक्षिण: 30'0'' चौड़ी सड़क, पूर्व: प्लॉट नंबर 09, पश्चिम: प्लॉट संख्या 07 | सांकेतिक कब्जा<br>उदयपुर | आरक्षित मूल्य- रु. 17,30,500/- (रुपये सत्रह लाख तीस हजार पांच सौ मात्र) एवं<br>ईएमडी रु. 1,73,050/- (रुपये एक लाख तहेत्तर हजार पचास मात्र) |
| 5 | 1) श्री चंद्रप्रकाश गुर्जर गौड़ (ऋणी) पुत्र श्री सत्य नारायण गुर्जर गौड़, आराजी नंबर 3069, हनुमान चौक के पास, राजस्व ग्राम करणपुर, तहसील वल्लभनगर, जिला उदयपुर 313602 | 19.02.2024 तक बकाया रूपये 9,26,433/- + आगे की लागते, ब्याज, शुल्क और खर्चे, यदि कोई वसूली हुई हो तो उसे घटाकर। | साम्यिक बंधकः- आवासीय संपत्ति जो आराजी नंबर 3069, हनुमान चौक के पास, राजस्व ग्राम करणपुर, तहसील वल्लभनगर, जिला उदयपुर 313602 पर स्थित है और जो श्री चंद्र प्रकाश गुर्जर गौड़ पुत्र श्री सत्य नारायण गुर्जर गौड़ के नाम से है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1123.81 वर्गफुट है, संपत्ति की सीमाएँ: पूर्व: ओमप्रकाश मेनारिया का मकान, पश्चिम: सड़क, उत्तर: गोपाल जी का बाड़ा, दक्षिण: सड़क। | सांकेतिक कब्जा<br>उदयपुर | आरक्षित मूल्य- रु. 11,11,500/- (रुपये ग्यारह लाख ग्यारह हजार पाँच सौ मात्र) एवं<br>ईएमडी रु. 1,11,150/- (रुपये एक लाख ग्यारह हजार एक सौ पचास मात्र) |
| 6 | 1. श्री वीरेंद्र प्रजापत पुत्र नाथू लाल प्रजापत (ऋणी), कुराबड़, तहसील गिरवा, कुराबड़, जिला उदयपुर राजस्थान - 313703<br>2. श्रीमती रानू प्रजापत पत्नी श्री वीरेंद्र प्रजापत (सह-ऋणी), कुराबड़, तहसील गिरवा, कुराबड़, जिला उदयपुर राजस्थान - 313703 | 24.06.2024 तक बकाया रूपये 14,15,439/- + आगे की लागते, ब्याज, शुल्क और खर्चे, यदि कोई वसूली हुई हो तो उसे घटाकर। | साम्यिक बंधकः आवासीय संपत्ति के सभी अंश व हिस्से जो खसरा नंबर 1322/423, 1324/413 और 412, राजस्व ग्राम सुरों का गुड़ा, तहसील गिरवा, जिला - उदयपुर में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 2500 वर्गमीटर है और जो श्री वीरेंद्र प्रजापत पुत्र नाथू लाल प्रजापत के नाम से है, संपत्ति की सीमाएँ: उत्तर: सड़क, दक्षिण: उदयलाल, वीरेंद्र पुत्र नाथू कुम्हार और धापू बाई पत्नी नाथू कुम्हार की भूमि, पूर्व: उदयलाल पुत्र नाथू कुम्हार की भूमि, पश्चिम: हीरा लाल पुत्र शंकर लाल कुम्हार की भूमि। | सांकेतिक कब्जा<br>राजसमंद | आरक्षित मूल्य- रु. 22,53,000/- (रुपये बाईस लाख तिरेपन हजार मात्र) एवं<br>ईएमडी रु. 2,25,300/- (रुपये दो लाख पच्चीस हजार तीन सौ मात्र) |
| 7 | 1. श्री लोगर पुत्र उदा (ऋणी) मेघवालों का मोहल्ला, रामदेव मंदिर के पीछे गांव गुडली, मावली उदयपुर-313204<br>2. श्री राहुल पुत्र लोगर लाल (सह-ऋणी) मेघवालों का मोहल्ला, रामदेव मंदिर के पीछे गांव गुडली, मावली उदयपुर-313204 | दिनांक 01.12.2025 तक रु.11,49,483.24/- + अनुबंध की दर पर भविष्य का ब्याज/ उपार्जित ब्याज/अप्राप्त ब्याज साथ में आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि, वसूली घटा कर, यदि कोई हो। | साम्यिक बंधकः आवासीय प्लॉट के सभी अंश व हिस्से जो श्री लोगर लाल पुत्र उदा जी मेघवाल के नाम पर खसरा नं. 436 गांव गुडली, ग्राम पंचायत गुडली, तहसील मावली-जिला उदयपुर (राज) में स्थित जिसका क्षेत्रफल 1044 वर्गफुट है। संपत्ति की सीमाएं - उत्तर: आम रास्ता, दक्षिण: गणेश नाथ का बाड़ा, पूर्व: गली और रामदेव जी का मंदिर, पश्चिम: रामलाल मेघवाल का मकान। | सांकेतिक कब्जा<br>राजसमंद | आरक्षित मूल्य- रु.16,11,000/- (रुपये सोलह लाख ग्यारह हजार मात्र) और<br>ईएमडी रु. 1,61,100/- (रुपये एक लाख इकसठ हजार एक सौ मात्र) |
| 8 | 1. श्रीमती राजू बाई पत्नी श्री लोगर लाल गायरी (ऋणी) खसरा नं. 893, ग्राम राथना, खखरिया खेड़ी, ग्राम पंचायत नुरदा, तहसील मावली, उदयपुर-313204, 2. श्री भगवान लाल गायरी पुत्र लोगर लाल गायरी (सह-ऋणी) खसरा नं. 893, ग्राम राथना, खखरिया खेड़ी, ग्राम पंचायत नुरदा, तहसील मावली, उदयपुर-313204 | दिनांक 29.08.2025 तक रु.8,75,861/- + अनुबंध की दर पर भविष्य का ब्याज/ उपार्जित ब्याज/अप्राप्त ब्याज साथ में आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि, वसूली घटा कर, यदि कोई हो। | साम्यिक बंधकः आवासीय संपत्ति के सभी अंश व हिस्से जो श्रीमती राजू बाई के नाम पर पट्टा नं. 20689 अराजी नं. 893, ग्राम राथना, खखरिया खेड़ी, ग्राम पंचायत नुरदा, तहसील मावली उदयपुर में स्थित जिसका कुल क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है। संपत्ति की सीमाएं: उत्तर: स्वयं का बाड़ा, दक्षिण: स्वयं की भूमि, पूर्व: बाबूलाल की भूमि, पश्चिम: सड़क | सांकेतिक कब्जा<br>उदयपुर | आरक्षित मूल्य- रु. 11,98,000/- (रुपये ग्यारह लाख अठयानवे हजार मात्र) और<br>ईएमडी रु. 1,19,800/- (रुपये एक लाख उन्नीस हजार आठ सौ मात्र) |
| 9 | 1. रूप लाल गायरी पुत्र श्री वरदा जी (ऋणी) वीटीसी अवारडा, पोस्ट ऑफिस गोडाणा, उप-जिला झाड़ोल, जिला उदयपुर, राजस्थान - 313702 | दिनांक 22.09.2023 तक रु.19,98,796.49/- + अनुबंध की दर पर भविष्य का ब्याज/ उपार्जित ब्याज/अप्राप्त ब्याज साथ में आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि, वसूली घटा कर, यदि कोई हो। | साम्यिक बंधकः आवासीय संपत्ति के सभी अंश व हिस्से जो श्री रूप लाल गायरी पुत्र श्री वरदा जी के नाम पर खसरा नं 258, ग्राम पंचायत गोडाणा, पंचायत समिति झाड़ोल, जिला उदयपुर, राजस्थान-313702 पर स्थित जिसका कुल क्षेत्रफल 2473.87 वर्गफुट है। संपत्ति की सीमाएं: उत्तर: सड़क, पूर्व: श्री नारायण पुत्र श्री वरदा ग्यारी का मकान, दक्षिण: सड़क, पश्चिम: श्री धुली लाल पुत्र श्री भैरा जी गायरी का मकान | सांकेतिक कब्जा<br>उदयपुर | आरक्षित मूल्य- रु. 8,76,000/- (रुपये आठ लाख छिहत्तर हजार मात्र) और<br>ईएमडी रु. 87,600/- (रुपये सत्यासी हजार छः सौ मात्र) |
| 10 | 1. धापू बाई पत्नी नाथू लाल (ऋणी) कुराबड़, कुराबड, गिरवा, उदयपुर-राजस्थान- 313703<br>2. श्री वीरेंद्र प्रजापत पुत्र नाथू लाल (सह-ऋणी) कुराबड़, कुराबड, गिरवा, उदयपुर-राजस्थान-313703 | दिनांक 25.06.2024 तक रु.24,76,640/- + अनुबंध की दर पर भविष्य का ब्याज/ उपार्जित ब्याज/अप्राप्त ब्याज साथ में आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि, वसूली घटा कर, यदि कोई हो। | साम्यिक बंधकः आवासीय संपत्ति के सभी अंश व हिस्से जो श्रीमती धापू बाई पत्नी नाथू लाल के नाम पर अराजी नं 1321/423, 1325/421, 1328/422, राजस्व गांव सूरो का गुड़ा, ग्राम पंचायत बेमला, तहसील: कुराबड़, उदयपुर में स्थित जिसका कुल निर्मित क्षेत्र 26909 वर्गफुट है। संपत्ति की सीमाएं: उत्तर: सड़क, दक्षिण: उदयलाल, वीरेंद्र, नाथू कुम्हार की संपत्ति, पूर्व: अन्य संपत्ति, पश्चिम: उदयलाल, नाथू कुम्हार की संपत्ति। | सांकेतिक कब्जा<br>उदयपुर | आरक्षित मूल्य- रु.34,10,500/- (रुपये चौंतीस लाख दस हजार पाँच सौ मात्र) और<br>ईएमडी रु. 3,41,050/- (रुपये तीन लाख इकतालीस हजार पचास मात्र) |
| 11 | 1. रूपा बाई पत्नी जीवन लाल (ऋणी) पट्टा नं. 32/2011, ग्राम झाड़ोल, उदयपुर, राजस्थान-313702<br>2. श्री रमेश लोहार पुत्र जीवन लाल (सह-ऋणी) पट्टा नं. 32/2011, ग्राम झाड़ोल, उदयपुर राजस्थान -313702 | दिनांक 17.03.2025 तक रु.22,37,542.10/- + अनुबंध की दर पर भविष्य का ब्याज/ उपार्जित ब्याज/अप्राप्त ब्याज साथ में आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि, वसूली घटा कर, यदि कोई हो। | साम्यिक बंधकः आवासीय संपत्ति के सभी अंश व हिस्से जो श्रीमती रूपा बाई पत्नी जीवन लाल के नाम पर पट्टा नं. 32/2011, झाड़ोल, तहसील झाड़ोल, जिला उदयपुर, राजस्थान 313702 में स्थित जिसका कुल क्षेत्रफल 1500.00 वर्गफुट है। संपत्ति की सीमाएं: उत्तर: सड़क, दक्षिण: सड़क, पूर्व: शंकरलाल की भूमि, पश्चिम: पूनमचंद पुरबिया की संपत्ति। | सांकेतिक कब्जा<br>उदयपुर | आरक्षित मूल्य- रु.41,72,400/- (रुपये इकतालीस लाख बहत्तर हजार चार सौ मात्र) और<br>ईएमडी रु. 4,17,240/- (रुपये चार लाख सत्रह हजार दो सौ चालीस मात्र) |

बोली वृद्धि की राशि रूपये 20,000/- होगी और इसमें 10 मिनट का असीमित विस्तार (अनलिमिटेड एक्सटेंशन) शामिल होगा।

**संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समयः- 10.09.2026 को सुबह 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे के मध्य।**

**बोली जमा करने/ईएमडी और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि और समय: 14.09.2026 सायं 05.00 बजे तक।**

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट पर दिए गए लिंक https://bankofmaharashtra.bank.in/asset-for-sales-search और baanknet पोर्टल (https://baanknet.com) का संदर्भ लें।

गौरव कुमार प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ महाराष्ट्र, संपर्क नंबर:9763923662

दिनांक: 26.08.2026 स्थान:– उदयपुर, राजसमंद, डूंगरपुर

DNJ-410458